कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामकिशोर मीना पुत्र श्री जगन्नाथ मीना, ग्राम पोस्ट लाडलीकाबास तहसील नांगलराजावतान जिला दौसा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेटर, दौसा

अपील सं0 24/2018

निर्णय

दिनांक 09.05.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेटर, दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 18.12.2017 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेटर, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेटर, दौसा द्वारा उनके पत्रांकः आरटीआई/2018/400 दिनांक 07.05.18 द्वारा इस कार्यालय को सूचना भिजवाते हुए प्रति आवेदक को पृष्ठांकित की गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेटर, दौसा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official